भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-155
सोमवार, 04 फरवरी, 2019/15 माघ, 1940 (शक)

क्षेत्रक रोजगार सृजन

155. श्री राम मोहन नायडू किंजरापुः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने क्षेत्र-वार रोजगार सृजन के लक्ष्य निर्धारित किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इस पहलू को प्रारूप औद्योगिक नीति में शामिल किया गया था; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त लक्षित दृष्टिकोण का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क): जी, नहीं।

(ख): एवं (ग): सरकार ने एक नई औद्योगिक नीति को तैयार करने का निर्णय लिया है जो देश में समस्त व्यावसायिक उद्यमों के लिए एक निर्देशिका होगी। इसके लिए, पणधारकों के साथ उनके विचार एवं जानकारी प्राप्त करने हेतु विचार-विमर्श किए गए हैं।

******